# मल्टीनेशनल कंपनी पीलीभीत में लगाएगी खमीर उत्पादन प्लांट, 1100 करोड़ रुपये का होगा निवेश

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। ब्रिटेन की जानी-मानी बहुराष्ट्रीय कंपनी एबी मौरी पीलीभीत में खमीर उत्पादन प्लांट लगाएगी। इसके लिए उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने पीलीभीत के भरापचपेड़ा में 257 एकड़ भूमि दी है। इस परियोजना के शुरू होने पर जहां 1100 करोड़ रुपये का निवेश होगा, वहीं 5 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसरों का सृजन भी होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में यूपी औद्योगिक विकास के

**पांच हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार, आसपास के क्षेत्र में बढ़ेंगी औद्योगिक गतिविधियां**

लगातार नए आयाम स्थापित करता जा रहा है। प्रदेश में लैंड बैंक से संबंधित सभी जानकारी जीआईएस पर उपलब्ध होने के कारण एबी मौरी ने यहां निवेश में रुचि ली।

यूपीसीडा ने कोरोना महामारी की विषम परिस्थितियों में कंपनी से प्राप्त आवेदन पर रिकॉर्ड समय में कार्यवाही की। इसे वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यहां बता दें कि भरापचपेड़ा पीलीभीत में बरेली-हरिद्वार राजमार्ग के पास स्थित है। यह परियोजना दो राज्यों को कवर करेगी। यीस्ट प्रोजेक्ट से निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता, चीनी उत्पादन, डिस्टिलरी, पेय और दवाओं में खमीर के उपयोग से स्थानीय बेकरी उद्योग में तेजी आने की उम्मीद है। प्रस्तावित परियोजना से पीलीभीत के आसपास के क्षेत्रों में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। यह मेगा निवेश अन्य उद्योगों को भी आकर्षित करेगा और राज्य को औद्योगिक निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगा।